हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
11 अक्टूबर 2023, बरेली

PAGE NO 6 :MIDDLE

‘अनकही अनजली’ के साथ इंद्रधनुष का हुआ समापन

नाटक अनकही अनजली का मंगलवार को एक दृश्य दिखाते कलाकार।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में चल रहे तीसरे थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का नाटक अनकही अनजली के साथ समापन हो गया। मुंबई के इंदिरा नाग प्रोडक्शन पंख थिएटर ग्रुप के इस नाटक का निर्देशन मुकुल नाग ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी उषा गुप्ता मौजूद रहीं। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. अनुज कुमार और डॉ. रीता शर्मा के साथ उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर नाटक अनकही अनजली के मंचन का शुभारंभ किया। नाटक शहर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुनील कुमार चौहान की जिंदगी का है।